ईएसएल के सीईओ ने किया सेफ्टी पार्क का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

18 जनवरी, 2022 को वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीईओ एन.एल. वट्टे ने कर्मचारियों के बीच सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ईएसएल के औद्योगिक परिसर में एक नवनिर्मित 'सेफ्टी पार्क' का उद्घाटन किया। इसमें विभिन्न प्रकार के सुरक्षा उपकरण मॉडल शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर वट्टे ने कहा कि ईएसएल हमेशा अपने कर्मचारियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करके तथा समाज के कल्याण और देश के समावेशी विकास में योगदान देकर अपने व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखता है।
- उन्होंने कहा कि इस सुरक्षा पार्क की मदद से हम अपने कर्मचारियों को हर तरह की सुरक्षा के प्रति जागरूक कर '**शून्य नुकसान**' के अपने लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं।
- आने वाले दिनों में ESL का लक्ष्य सुरक्षा और पर्यावरण को बेहतर बनाना है। सभी नए कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के लिये सुरक्षा प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। महत्त्वपूर्ण स्थानों पर सतर्कता के लिये एआई आधारित कैमरे और सेंसर उपकरण लगाए गए हैं।
- कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के स्वास्थ्य जोखिमों की निगरानी की जा रही है, पीपीई बैंक की स्थापना कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को पीपीई जारी करने के लिये की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/esl-ceo-inaugurates-safety-park